# जस्टिस एल.पी.एन शाहदेव को नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी जस्टिस एल.पी.एन शाहदेव की 11वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम रघुवर दास, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, सुदेश महतो, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख ने श्रद्धांजलि दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव न्यायिक सेवा में होते हुए भी झारखण्ड आन्दोलन को अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। आने वाली पीढ़ियों को उनके दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जस्टिस शाहदेव ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मौके पर जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर उनके पुत्र प्रतुल शाहदेव समेत उनके परिजनों ने भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## पेयजल की सुचारु व्यवस्था को लेकर उपमहापौर ने कहा

# पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क निर्माण सुनिश्चित करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर में अमृत योजना के अंतर्गत हर घर जल योजना कार्य को लेकर मंगलवार को रांची नगर निगम में उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने बैठक की। बैठक में उपमहापौर ने पीने के पानी की सुचारु व्यवस्था के लिए पाइप लाइन बिछाने के तरीके पर चर्चा की। जुडको के माध्यम से विभिन्न कंपनियां पाईप बिछा रही हैं। उन्होंने कहा कि उन जगहों पर बने गढ्डों को भरकर सड़क निर्माण सुनिश्चत करें। उप महापौर ने संबंधित एजेंसियों को एक माह में पाइप लाइन बिछाने के दौरान बने गड्ढों को भरते हुए सड़क निर्माण कराने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक सप्ताह के कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी सोमवार को रांची नगर निगम के सबंधित विभाग एवं जिस वार्ड के जिस क्षेत्र में पाइप लाइन काम होना है उसकी भी जानकारी रांची नगर निगम के संबंधित विभाग के साथ साथ संबंधित वार्ड के पार्षद को देने का निर्देश दिया। ताकि निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा सके। ताकि सड़क और नाली को दुबारा तोड़न की आवश्यकता न पड़े एवं निगम के संबंधित पदाधिकारियों को जुडको एवं सबंधित एजेंसियों से समन्वय बनाकर हर घर जल योजना में तेजी लाने हेतु दिशा निर्देश दिए गये।




सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, – 834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## कांग्रेसियों ने अविनाश पांडे का किया स्वागत



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर कल रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में स्वागत किया। अविनाश पांडे आज जिमखाना क्लब रामगढ़ में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की पहली बैठक में हिस्सा लेंगे। मौके पर सुबोधकांत सहाय, बंधु तिर्की, अमूल नीरज खलखो, विनय सिन्हा दीपू, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, एम तौसीफ, सतीश पॉल मुंजनी, कुमार राजा आदि थे।

## हरमू हाउसिंग कॉलोनी में तीन घरों से ढाई लाख नगद के साथ 23 लाख के जेवर चोरी

**रांची।** राजधानी में अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में चोरों ने एक ही फ्लैट के तीन घरों को निशाना बनाया। चोरों ने तीनों घरों से लगभग ढाई लाख नगद और लगभग 23 लाख के जेवरात चोरी की है। घर के सभी सदस्य चुटिया स्थित एक कार्यक्रम में भाग लेने गये थे। इसी दौरान चोरों ने घर में हाथ साफ कर लिया। सूचना मिलने पर अरगोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की। मामले को लेकर राणा चंदन ने अरगोड़ा थाना में लिखित शिकायत की है। अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस की टीम खंगाल रही है, कुछ सुराग हाथ लगे हैं। उसी पर काम किया जा रहा है।

## कोल इंडिया अंतर कंपनी ब्रिज टूर्नामेंट शुरू



**रांची।** सीएमपीडीआई के रबीन्द्र भवन में तीन दिवसीय कोल इंडिया अंतर कम्पनी ब्रिज टूर्नामेंट का शुभारंभ कल सीएमडी मनोज कुमार ने किया। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक एसके गोमास्ता, निदेशक अजय कुमार, जेसीसी सदस्य व श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। टूर्नामेंट का शुभारंभ कर सीएमडी मनोज कुमार ने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान खेल भावना को बनाए रखना हम सबका दायित्व है। इस टूर्नामेंट में सर्वप्रथम चैम्पियनशिप के लिए हुए खेल में 7 राउंड में से 3 राउंड का खेल होने तक वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल)-नागपुर की टीम आगे चल रही थी। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम इवेंट, आईएमपी पेयर्स एवं मैच प्वाइंट पेयर्स का खेल सम्पन्न होगा।

## नयी उत्पाद नीति हटे, लॉटरी सिस्टम फिर हो बहाल

**रांची।** झारखंड शराब व्यापारी संघ ने झारखंड की नयी उत्पाद नीति पर सवाल खड़े किए हैं। संघ के महासचिव सुबोध जायसवाल ने कहा कि झारखंड की नयी उत्पाद नीति प्रयोगशाला बन कर रह गई है। स्थिति यह है कि यह प्रयोगशाला के रूप में ही चलाया जा रहा है, जबकि पिछले वर्ष से एसोसिएशन ने उत्पाद मंत्री जगन्नाथ महतो की उपस्थित में उत्पाद सचिव के सामने एसोसिएशन ने कई मामले उठाए थे। मांग की गयी थी कि 2300 करोड़ का राजस्व झारखंड के शराब व्यापारी देंगे, मगर जो लाभ छत्तीसगढ़ के सिंडिकेट को देने के लिए वादा किया गया है, वह उन्हें भी मिले। कोरोना काल में व्यापारियों ने करीब 1700 करोड़ बिना कोई राहत के सरकार को राजस्व दिया था। मगर छत्तीसगढ़ वालों को जो रोजगार दिया गया, वहां शराब का भी नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री और मंत्री से आग्रह किया कि अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है। अब झारखंड में लॉटरी सिस्टम को पुनः लागू किया जाए।

## बीएयू के पहले चरण में अंडर ग्रेजुएट कोर्स में राज्य कोटे से 297 का दाखिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अंडर ग्रेजुएट कोर्स के सत्र 2022-23 में राज्य कोटे से नामांकन का पहला चरण मंगलवार को पूरा हो गया। पहले चरण में विश्वविद्यालय के कृषि, वेटनरी एवं वानिकी संकाय के अधीन संचालित विभिन्न महाविद्यालयों में राज्य कोटे से 296 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया, जबकि राज्य कोटे की करीब 165 सीटें खाली रह गयी है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के आधार सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची एवं कॉलेज आवंटन की सूचना विश्वविद्यालय को भेजी थी। प्रथम काउंसेलिंग के तहत नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार तक चली। शेष 165 सीटों के लिए जेसीइसीइबी द्वारा द्वितीय काउंसेलिंग की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। कृषि संकाय अधीन संचालित 6 महाविद्यालयों में राज्य कोटे से स्नातक पाठ्यक्रमों के कुल 301 सीटों के विरूद्ध 193 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया। राज्य कोटे से रांची कृषि महाविद्यालय में 18, कृषि महाविद्यालय गढ़वा में 22, रविन्द्र नाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय देवघर में 22 एवं तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय गोड्डा में 10 सीटें रिक्त रह गई हैं। कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय कांके में 6 और उद्यान महाविद्यालय, खूंटपानी (चाईबासा) में 19 सीटें खाली रह गयी है।

वानिकी महाविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम में कुल 50 सीटें है। इनमें राज्य कोटे में उपलब्ध कुल 42 सीटों के विरूद्ध 20 छात्र-छात्राओं ने नामांकन लिया। इनमें 8 छात्र और 12 छात्राएं है. राज्य कोटे से रिक्त रह गई 22 पर सीटों पर द्वितीय काउंसेलिंग के माध्यम से नामांकन होगा। वेटनरी संकाय अधीन रांची वेटनरी कॉलेज के स्नातक पाठ्यक्रम में राज्य कोटे के 64 सीटों में से मात्र 14 सीटें ही रिक्त रह गई है। नामांकित 50 विद्यार्थियों में 21 छात्र एवं 29 छात्राएं है। अखिल भारतीय स्तर पर वेटनरी काउंसिल ऑफ इंडिया की अनुशंसा पर 10 छात्र-छात्राओं का नामांकन पहले ही पूरी हो चुकी है।

## रिम्स में ई-सर्जिकल स्टोर इंप्लांट और इक्विपमेंट्स की नहीं होगी कोई कमी

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल को एक क्लिक पर लाने का काम जारी है, ताकि क्लिक करते ही स्क्रीन पर विभाग की पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसी कड़ी में हॉस्पिटल के सर्जरी डिपार्टमेंट को भी ई-स्टोर से जोड़ा जा रहा है, ताकि सर्जरी डिपार्टमेंट में दवाओं की क्राइसिस नहीं होगी। वहीं पर्याप्त मात्रा में इंप्लांट और इक्विपमेंट्स भी उपलब्ध होगा। ऐसा होने से मरीजों की सर्जरी किसी भी हाल में नहीं रूकेगी। वहीं मरीजों को सर्जरी के लिए लंबी वेटिंग भी नहीं मिलेगी।

**ई-गवर्नेंस से मिली राहत :** मेडिकल स्टोर हर डिपार्टमेंट से जोड़ा जा चुका है, ताकि डॉक्टर कहीं से भी दवाओं का स्टॉक चेक कर सकते है कि किस जगह पर कौन सी दवाएं कितनी मात्रा में है। वहीं तत्काल दवाओं का इंडेंट भी आनलाइन कर सकते है। इससे फाइलों की मूवमेंट में समय नहीं लगेगा। डायरेक्टर ने बताया कि इ-गवर्नेंस से काफी राहत मिली है।

## पशु टीकाकरण के लिए वैक्सीन बॉक्स वितरण

**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा सीएसआर निधि से झारखंड के विभिन्न जिलों में पशुओं के प्रभावी टीकाकरण के लिए अंगारा प्रखंड के गेतलसुद पंचायत के 'एकता आजीविका संसाधन केन्द्र' में पशुपालक, पशु–सखियों के साथ–साथ ग्रामीणों के बीच वैक्सीन बॉक्स वितरित किया गया। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के माध्यम से इस परियोजना के अंतर्गत झारखंड के विभिन्न जिलों में कुल 2000 टीकाकरण पेटियों का वितरण किया जाएगा। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक आरके महापात्रा एवं मुख्य प्रबंधक एसके ठाकुर, सहायक प्रबंधक सफीना परवीन एवं डॉ प्रवीण कुमार आदि थे।

## राष्ट्रपति से मिले कुणाल षाड्ंगी, मांग रखी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति से झारखंड में धर्मांतरण पर रोक लगाने, महिला आयोग का गठन, नियुक्ति नीति, जमशेदपुर में एम्स का सैटेलाइट सेंटर और हवाई सेवा शुरू करने एवं चाकुलिया–बड़ामारा रेल लाइन जल्द शुरू करने की पहल करने का आग्रह किया। कुणाल षाड़ंगी ने राष्ट्रपति से कहा कि नियुक्ति नियमावली नहीं बनने से झारखंड में बेरोजगारी दर 18 फीसदी जा चुकी है। उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि राज्य में 3 साल से महिला आयोग में अध्यक्ष का पद खाली है। जमशेदपुर शहर सिर्फ टीएमएच के भरोसे है, इसलिए वहां एम्स का सैटेलाइट सेंटर खोला जाए। धालभूमगढ़ में जल्द एयरपोर्ट स्थल के चयन पर जल्द निर्णय हो। राष्ट्रपति ने कुणाल को सभी विषयों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

## रिम्स में लिफ्ट में फंसे लोगों को निकाला गया

**रांची।** रिम्स में मंगलवार को पुरानी बिल्डिंग में लगी 6 नंबर की लिफ्ट अटक गई। इसके बाद लिफ्ट में फंसे मरीज और स्टाफ ने शोर मचाना शुरू कर दिया। वहीं खुद को बाहर निकालने के लिए मदद मांगते रहे। 10 मिनट के बाद फंसी लिफ्ट का गेट खोलकर लोगों को निकाला गया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं मरीजों ने बताया कि थोड़ी देर के लिए उनकी सांस अटक गई थी, जब लिफ्ट का दरवाजा खोला गया तो वे नार्मल हुए। रिम्स की अधिकांश लिफ्ट खराब पड़ी है। वहीं जो लिफ्ट हॉस्पिटल में चल रही है, उसका भी मेंटेनेंस ढंग से नहीं हो रहा है, जबकि इसके नाम पर हर साल लाखों रुपए खर्च किए जाते है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले भी डायरेक्टर ने भी इसका मेंटेनेंस कराने की बात कहीं थी। इसके बाद भी सभी लिफ्ट को न दुरुस्त कराया गया और न ही मेंटेनेंस।



# सीएससी सेंटर्स से बड़े संस्थानों की डिग्री प्राप्त कर सकेंगे आरयू के छात्र : कुलपति

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची यूनिवर्सिटी के वीसी कांफ्रेंस हॉल में सभी अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में रांची विश्वविद्यालय से छात्रों के प्लेसमेंट को और सुदृढ़ बनाने के लिए रांची यूनिवर्सिटी एल्यूमनी क्लब बनाने पर सहमति बनी। बैठक में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से आरयू के सभी कॉलेजों के छात्रों को इसका लाभ पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गयी। सभी कॉलेजों में सीएससी सेंटर प्रारंभ करने के साथ ही इसके अतंर्गत आने वाले कोर्सों को जल्द प्रारंभ करने पर कुलपति, प्राचार्यों और सीएसएसी के स्टेट हेड के बीच चर्चा की गयी।



**संजीवनी साबित हो सकता है सीएससी**

सीएससी के स्टेट हेड शंभु कुमार ने कुलपति, कुलसचिव, डीएसडब्ल्यू, ओएसडी कुलपति, सभी प्राचार्यों के समक्ष कॉमन सर्विस सेंटर के कार्यों, कोर्सेज और प्लेसमेंट के बारे में विस्तार से बताया। सीएसी सेंटर्स आरयू के छात्रों को इंटरनेट एवं ऑनलाइन सुविधायें प्रदान करने के साथ ही बहुत ही कम शुल्क पर आइआइटी मुंबई, माइक्रोसॉफ्ट, आइबीएम के सहयोग से 33 ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रोजगारपरक कोर्सेस प्रारंभ करने जा रहा है। इससे छात्रों को इन बड़े संस्थानों के डिग्री मिलेंगे जो उनके आजीविका में बहुत सहायक सिद्ध होंगे। इसके साथ ही सीएससी इन छात्रों के प्लेसमेंट में भी मदद करेगा। सीएससी के माइक्रोसॉफ्ट सर्अिफाइड एडुकेटर कोर्स द्वारा आरयू के शिक्षक भी डिजिटली अध्यापन के तरीके भी सीख सकते हैं।

**आरयू के सभी कॉलेजों में खुलेंगे सीएससी सेंटर्स**

आरयू के 45 कॉलेजों में सीएससी सेंटर्स खोले जायेंगे। अभी आरयू मुख्यालय एवं मोराबादी परिसर में तीन सेंटर संचालित हैं। सभी कॉलेजों में सेंटर खोलने के लिये कॉलेजों के प्राचार्यों से सहयोग मांगा गया है। वहीं कुलपति समेंत प्राचार्यो से सीएससी के स्टेट हेड शंभू कुमार से आरयू में चल रहे 16 वोकेशनल कोर्सेस को भी सीएससी में शामिल करने की मांग की। जिस पर स्टेट हेड ने कहा कि हम इसे एक बार अध्ययन कर अवश्य अपने कोर्सेस में शामिल करेंगे, जिससे आरयू क वोकेशनल कोर्सेस को मदद मिल सके। प्राचार्यो समेत कुलपति एवं विश्वविद्यालयके सभी पदाधिकारियों ने सीएससी सेंटर्स के संचालन में रूचि जतयी और इसे शीघ्र धरातल पर उतारने पर सह?मति बनी। कुलपति ने कहा कि सीएससी के माध्यम से हमारे बच्चे बहुत कम शुल्क में आइबीएम,माइक्रासॉफ्ट, आआइटी के डिग्रीधारी बनेंगे, यह हमारे लिये बड़ी सफलता साबित होगी।

**झारखंड के छात्रों और युवाओं में है अपार खेल प्रतिभा, हम उसे निखारेगे**

कुलपति ने कहा कि झारखंड के हमारे छात्रों युवाओं मे खेल प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। हमें इसे निखारना है। लोहरदगा के बीएस कॉलेज में शूटिंग जैसे खेलों के लिये जो सुविधायें उपलब्ध हैं वह वर्ल्डक्लास हैं। हमें इसका उपयोग अपने बच्चों को निखारने में करना है। खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिये सभी कॉलेजों में फिजिकल टीचर नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। 17 जनवरी को इसके लिये साक्षात्कार भी प्रारंभ हो रहा है।

## सोनिया-राहुल संसद में उठायें सरना धर्म कोड का मसला: प्रवीण उरांव



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय सरना धर्मगुरु प्रो. डॉ. प्रवीण उरांव मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से उनके धुर्वा स्थित आवास पर मिले। उन्होंने कांग्रेस की सोनिया गांधी और राहुल गांधी से संसद में सरना धर्म कोड का मुद्दा उठाने की मांग की। यह भी कहा कि सभी आदिवासी सांसद एकजुट होकर प्रधानमंत्री से सरना धर्म कोड की मांग करें।

**झारखंड सरकार भी राज्य में जातीय जनगणना कराये**

राष्ट्रीय सरना धर्मगुरु ने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना शुरू किये जाने का सभी आदिवासी परिवार स्वागत करता है। हम झारखंड सरकार से भी राज्य में जातीय जनगणना कराने की मांग करते हैं। इस जातीय जनगणना प्रपत्र में धर्म का भी कॉलम रहना चाहिए। अन्य धर्म का भी कॉलम रहना चाहिए। इससे झारखंड में जातीय जनसंख्या का सही- सही आंकड़ा मिल पायेगा। साथ ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े सभी वंचित वर्गों की मुख्यधारा में समुचित भागीदारी सुनि?ित हो पायेगी। मौके पर एचईसी हटिया विस्थापित परिवार के अध्यक्ष राहुल उरांव, केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष मानू तिग्गा, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव गैना कच्छप, राष्ट्रीय प्रेस सचिव अमित गाड़ी, सुनील कच्छप, राजेश कुजूर उपस्थित थे।

## अल हेरा पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन



रांची। अल हेरा पब्लिक स्कूल ख्वाजा नगर डोरंडा में मुख्य अतिथि अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मोख्तार अहमद ने नए कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि अल हेरा पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स कंप्यूटर नॉलेज के क्षेत्र में न सिर्फ विद्यालय का बल्कि अपना नाम भी रोशन करेंगे। उन्होंने आज की तारीख में कम्प्यूटर एजुकेशन को जरुरी बताया। स्कूल के डायरेक्टर अकीलुर्रहमान ने कंप्यूटर को जमाने की जरुरत बताया। मौके पर एसएम कंप्यूटर के डायरेक्टर मंजर इमाम, डॉ एम हसनैन, नेहाल अहमद, जीशान अहमद, लालू भाई, मो आरिब, हाजी हलीम, एस अली, शमी आजाद, अब्दुल खालिक, खुर्शीद हसन रुमी आदि शामिल थे।

## कवि सम्मेलन समिति ने जगन्नाथपुर में कंबल का वितरण किया



रांची। कवि सम्मेलन आयोजन समिति ने जगन्नाथपुर बड़कोचा गिरजा टोली मे 100 जरूरतमंदों असहाय, वृद्धजनों,के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि नर की सेवा ही नारायण सेवा है। जरूरतमंदों की सेवा करना ही मानवता है तथा गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। इस कंपकपाती ठंड में सभी को बचने एवं बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समिति का आगे भी जनसेवा के कार्य निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। सबों ने कंबल पाकर खुशी जाहिर करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव-पवन पोद्दार ने की तथा धन्यवाद- ज्ञापन समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने किया। उपस्थित लोगो में समिति के पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, अनिल अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, पवन कुमार पोद्दार, संजय सर्राफ, मुन्नी देवी, सुमन तिर्की, लक्ष्मी बाड़ा अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## झारखंड मुंडा सभा के केन्द्रीय अध्यक्ष नवीन मुंडू का 90वां जन्मदिन



रांची। झारखण्ड मुण्डा सभा के केन्द्रीय अध्यक्ष नवीन मुण्डू का 90वाँ जन्म दिवस मंगलवार को मुण्डा सभा कार्यालय डिबडीह में मनाया गया। मुंडा सभा रांची के संस्थापक नवीन मुण्डू ने इस अवसर पर सभा कार्यालय में केक काटकर सभी को खिलाया और मुंडा सभा के तमाम लोगों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा की। श्री मुण्डू की अगुवाई में मुण्डा समाज के लोगों का सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में मार्गदर्शन होने के साथ साथ उत्थान की दिशा में कई कल्याणकारी कार्य होते रहे हैं। उपस्थित लोगो में सभा के महासचिव बिलकन डांग, डॉ रोयल डांग, प्रभु सहाय सांगाष, फिलिप सोय, सोसन समद, तुरन लुगुन व अन्य मौजूद थें।

# हिंदुस्तान की पहचान एवं गौरव है हिंदी भाषा: संजय

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर कहा है कि भारत कई राज भाषाओं और लिपियों से समृद्ध देश है। यहां कई सारी भाषाएं बोली जाती है देश के आधे से भी अधिक भाग को हिंदी भाषा ही जोड़ती है भले ही अंग्रेजी का प्रचलन कुछ बढ़ रहा है। लेकिन हिंदी अधिकता भारतीयों का मातृभाषा है भारत में हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिला है। लेकिन राजभाषा के तौर पर हिंदी का खास पहचान है। हिंदी हिंदुस्तान की पहचान एवं गौरव है। हिंदी को लेकर दुनिया भर के तमाम विदेशों में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का प्राणवायु भाषा ही होता है। भाषा मात्र विमर्श का माध्यम नहीं होकर चेतना एवं भावनाओं के अभिव्यक्ति का माध्यम भी होता है, हिंदी का प्रयोग देशभर में किया जाता है। अधिकांश क्षेत्रीय भाषाओं में आगे का मुंह और पीछे का पूंछ अलग-अलग होते हुए भी शब्द संस्कृत/हिंदी के ही प्रयुक्त होते हैं। क्षेत्रीय भाषाओं का प्राणतत्व हिंदी के ही शब्द है, ठीक इसी प्रकार अन्य क्षेत्रीय भाषाओं कि यही कहानी है। दक्षिण भारत में तमिल तेलुगू मलयालम कन्नड़ भाषा का व्यवहार है और वहां की संस्कृति और सामाजिक ताना-बाना समृद्ध भी है। वहां के लोग भी अंग्रेजी बोलते हैं परंतु उनकी भाषा गर्व का विषय है। पढ़ाइए किसी भी भाषा में लेकिन अपने बच्चों को हिंदी के प्रति गर्व होने का संस्कार निश्चित ही डालिए।

## एक नजर में

### कैंब्रिज पॉलीटेक्निक के 12 विद्यार्थियों का कैंपस



रांची। कैंब्रिज पॉलीटेक्निक के 12 विद्यार्थियों का कैंपस कैंब्रिज इंटीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 12 विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन वर्चुअल मोड में किया गया है। गुड़गांव की कंपनी क्यू एच टालब्रोस ने विद्यार्थियों का चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों में अभिषेक पांडेय, अनिरुद्ध कुमार, अनुज अंकित लकड़ा, कामेश्वर महतो, संजीव महतो, अमरकांत वर्मा, दिलिप कुमार महतो, कैलाश कुमार, नरेश चंद कुम्हार, रंजन कुमार, रोहित कुमार महतो एवं रोहित कुमार यादव का नाम शामिल है। कंपनी के रिप्रेंटेटिव विकाश पंढिरे ने चयनितों को नियुक्तिपत्र दिया। मौके पर टीएनपी ऑफिसर तृषिता घोष, प्रो दीव्यांस आयन मौजूद थे। संस्थान की मीडिया सेल प्रभारी प्रो. ऋतु कुमारी ने बताया की विद्यार्थियों की ज्वाइनिंग जनवरी के अंतिम सप्ताह में होगा। तथा इनका जॉब लोकेशन पुणे होगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया विश्व हिंदी दिवस



राँची। बैंक ऑफ इंडिया राँची आंचलिक कार्यालय और मांडर शाखा द्वारा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड के प्रमुख श्री सुबोध कुमार की अध्यक्षता में बिजुपाड़ा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में दिनांक 10 जनवरी 2023 को विश्व हिंदी दिवस मनाया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्र जागरण गीत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई । इस खास अवसर पर आयोजित किए गए भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता के कुल 9 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। श्री सुबोध कुमार, प्रमुख, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड ने विजेता बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी रचनात्मकता को जारी रखने और उसे निखारते रहने का आवाह्न किया। उन्होंने बताया कि देश के सूदूर क्षेत्रों में रहकर भी धैर्य और मेहनत के सहारे विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाई जा सकती है। राजेश यादव, प्रबंधक, राजभाषा ने हिंदी दिवस और विश्व हिंदी दिवस की महत्ता के बारे में बताते हुए मौजूदा समय में हिंदी विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. नीरज कुमार चतुर्वेदी, मुख्य प्रबंधक ने बच्चों में उत्साह भरते हुए कहा कि असफल होने पर निराश न होकर भविष्य में भी भाषण और लेखन जैसे प्रतियोगिताओं में जरूर हिस्सा लेना चाहिए। प्रधानाचार्य शंभु सिंह ने बैंक प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया और आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजन करते रहने का आग्रह किया। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया मांडर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्री राहुल कुमार, आंचलिक कार्यालय से श्रीमती जेम्मा टोप्पो, कुणाल कुमार, स्कूल के शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भारत अपनी शांतिप्रियता के कारण महाविनाश में सुरक्षित रहेगा : रुकमणि

रांची। रूकमणि बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगम के शेष बचे समय में हम सभी को अपनी फाइनल तैयारी कर लेनी है। कहा कि विश्व में अभी जो हलचल है वह और बढ़नी है। दिन-प्रतिदिन ऐसी विचित्र विचित्र परिस्थितियाँ आने वाली है जो आपके ख्याल ख्वाब में भी नहीं होंगी। उनको पार करने के लिए मनुष्य अत्माओं को स्वयं पर शासन एवं स्वयं पर नियंत्रण की विशेष शक्ति चाहिए। भारत अपनी शांतिप्रियता के कारण इस महाविनाश में भी सुरक्षित रहेगा एवं भारत पुनः विश्व गुरू की भूमिका निभायेगा। सभी भारत से शांति व आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करना चाहेंगे। निर्मला बहन ने कहा कि बाबा की विशेष मणि रूकमणि बहन आज हमारे बीच उपस्थित हैं। मानव सेवा में इनकी निष्ठा एवं तत्परता के लिए साकार ब्रम्हा बाबा ने उड़ने वाली उड़नखटोली का वरदान दिया था।

# जो प्राप्त है वही पर्याप्त है अन्यथा सर्वत्र दुख व्याप्त है : श्री रितेश्वर

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। द इंपरेटिव लाइफ, मैनेजमेंट,इकोनॉमिक्स कॉफी विद सद्गुरु श्री रितेश्वर जी महाराज का कार्यक्रम मंगलवार को स्थानीय प्रेस क्लब, रांची में पूर्वा - 11:30 से 1:30 बजे तक चली। इसमें झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, संत जेवियर कॉलेज के एचओडी निधि आर्या, प्रोफेसर कौशिक, सीए ग्रुप रांची ब्रांच के चेयरमैन प्रभात अग्रवाल, प्रोफेशनल्स कांग्रेस के रांची चैप्टर अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, प्रदेश कोऑर्डिनेटर विद्याकर कुंवर, प्रदेश सेक्रेटरी ख्याति मुंजाल, इंटरनेशनल हिंदू स्कूल वाराणसी के प्रिंसिपल विनीत जयसवाल, संत जेवियर कॉलेज के छात्र-छात्राएं, लॉ कॉलेज के छात्र छात्राएं मौजूद रहे। जिन्होंने गुरुजी से लाइफ, मैनेजमेंट,एकोनॉमिक्स से कुछ-कुछ सवाल भी पूछे और प्रश्नों के उत्तर भी मिले। कार्यक्रम में सीए ग्रुप की टीम और चेंबर ऑफ कॉमर्स की टीम भी मौजूद था।

झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि सनातन समृद्धि संगठन के द्वारा आने वाले समय में सनातन धर्म की विशेषताओं को कैसे रोजमर्रा की जिंदगी में मजबूती से आगे बढ़े और अपने देश को आगे बढ़ाएं उसी उद्देश्य के साथ काम किया जाएगा।

कार्यक्रम में सीए प्रहलाद अग्रवाल ,राहुल चौधरी, आलोक आनंद, अभिमन्यु तिवारी, जेपी शर्मा, अभिनय सिंह ,पंकज माकड़,दीपक ,प्रवीण शर्मा, अंकुर जैन, अभिषेक केडिया,पारस थापा, प्रोफेशनल्स कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय, ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो, विकास सिन्हा व अन्य मौजूद थें।

## आर्चडायसिस ने बुजुर्ग जरुरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



रांची। रांची कैथोलिक आर्चडायसिस के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे, सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स कड़ाके की ठंड को देखते हुए हुलहुंडू के हरदाग गांव में बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर क्षेत्र के पूर्व मुखिया डेविड रुंडा जिसने हरदाग के जरुरतमंद बूढ़े बुजुर्गों की मदद के लिए आर्चबिशप से गुहार लगायी थी। जिसके बाद आर्चडायसिस 200 कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण से पूर्व बिशप थियोदोर मसकरेन्हस ने कहा कि रांची कैथोलिक आर्चडायसिस की ओर से दिया जाने वाला यह कंबल एक उपहार है, जो उपकारकों और शुभचिंतकों के प्रेम व त्याग का फल है। उन्होंने यह बताया कि यह उपहार रांची शहर के एक उदार व्यवसायी पुनीत पोद्दार और पोद्दार परिवार की ओर से दिया गया है। मौके पर डेविड रूंडा ने दोनों बिशप को उनकी उदारता के लिए तहे दिल से धन्यवाद किया। महाधर्मप्रांतीय युवा संघ समन्वयक कुलदीप तिर्की का विशेष धन्यवाद किया। मौके पर फादर आशीत टोप्पो, फादर विनय केरकेट्टा, फादर फिलमोन, फादर नरेश कुजूर, ब्रदर सुमित बाड़ा, ब्रदर रुस्तम तिग्गा आदि थे।

### डालसा ने बुढ़मू में जागरूकता कार्यक्रम चलाया, लोक अदालत की दी जानकारी



रांची। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के मार्गदर्शन में बुढ़मू प्रखंड के उमेडंडा गांव में मंगलवार को डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। साथ ही लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्याग पेंशन योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, किसान सम्मान निधी योजना, फसल राहत योजना, बाल विवाह, बाल मजदूर, डायन प्रथा एवं स्पॉनसरशिप के वारे लोगों को बताया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी तनवीर अंसारी, सीमा देवी, जमील अख्तर राजा उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। तनवीर अंसारी ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीमा देवी ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में बताया।

## 30 को वैश्य संकल्प सम्मेलन करेगा झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा

### आज से सांसदों को सौंपा जाएगा ज्ञापन, 28 फरवरी तक चलेगा सदस्यता अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक मंगलवार को स्थानीय होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक सदस्यता अभियान की प्रगति, संगठन विस्तार, ओबीसी को 27% आरक्षण के मुद्दे पर सांसदों को ज्ञापन देने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रखी गयी थी। बैठक में उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा करने के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बुधवार से सभी सांसदों को ज्ञापन देकर आगामी लोकसभा सत्र में ओबीसी को 27% आरक्षण दिलाने के लिए सकारात्मक पहल करने की मांग की जायेगी, जबकि सदस्यता अभियान चलाने की तिथि बढ़ा कर 28 फरवरी तक कर दिया गया है। इसमें तय किया गया कि रामगढ़ में 30 जनवरी को ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर वैश्य संकल्प सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं, धनबाद का जिला सम्मेलन अब 12 फरवरी को तथा रांची का जिला सम्मेलन 19 फरवरी को आयोजित किया जायेगा।

बैठक में महेश्वर साहू ने कहा कि केवल माला पहनने तथा फर्जी सम्मानित होने से नहीं, बल्कि समर्पण और संघर्ष से संगठन चलता है। वैश्य मोर्चा का इतिहास संघर्ष का रहा है। इसी संघर्ष के कारण वैश्य मोर्चा अपनी मांगों और मुद्दों पर जीत हासिल करती रही है। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, मोहन साव, डॉ. माधवचंद्र मंडल, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, राजेन्द्र मंडल, केंद्रीय संगठन सचिव लखन अग्रवाल, रामेश्वर मंडल, अनिल वैश्य, राजेश्वर साव, जगदीश साहू, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य प्रमोद गुप्ता, आशीष कुमार वर्मा, नरेश साहु, कृष्णा प्रसाद साहु, श्रवण कुमार साहु, सत्यनारायण प्रसाद व अन्य मौजूद थें।

### एक शाम युवाओं के नाम 12 जनवरी को

रांची। श्री हनुमान सेवा संस्थान द्वारा 12 जनवरी को संध्या 6.30 बजे से शाम 8.30 बजे तक रांची के हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें व्यासपीठ के जीवन प्रबंधन गुरु विजयशंकर मेहता स्वामी विवेकानन्द की प्रेरक वाणी एवं बाबा हनुमंतलाल के आदर्शों को अपने सारगर्भित व्याख्यान के माध्यम से लोगो के बीच प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी प्रेस को संस्?थान के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर ने हरमू मैदान में दी। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक सह प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि पंडित विजय शंकर मेहता 11 जनवरी को सायं 7.30 बजे रांची आएंगे। सारस्वत ने बताया कि 12 जनवरी को प्रातः 8.30 पंडित विजय शंकर मेहता के सानिध्य में पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद हरमू मैदान में स्वच्छता अभियान सभी कार्यकताओं व आयोजन समिति के सदस्यों चलाया जाएगा।

## सरला बिरला स्कूल के छात्र सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दो दिवसीय सी.बी.एस.ई. क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। पूरे प्रदेश से 33 विद्यालयों के लगभग 102 छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कक्षा आठवीं के विनायक कुमार और कुमार दिव्यांशु राज ने अपने अध्यापक संजय कुमार के मार्गदर्शन में अपने रचनात्मक विचारों को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। जिसमें छात्रों ने अपने मॉडल में समुद्र की लहरों के ऊपर नीचे होती तरंगों के माध्यम से विद्युत उत्पन्न करने की प्रक्रिया प्रस्तुत की। छात्रों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सी.बी.एस.ई. राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी 2022-23 के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि एनईपी-2020 में इनोवेषन के महत्व को ध्यान में रखते हुए छात्रों ने प्रोजेक्ट तैयार किया है। उन्होंने प्रतिभागियों के वैज्ञानिक कौशल की प्रशंसा की और भविष्य में होने वाले राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### श्री श्याम मंदिर में आज 32वां श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल की स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज 32 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का उत्सव का भव्य एवं मनोहारी आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल के उपमंत्री श्री अनिल नारनोली ने अपने परिवार के साथ श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल अर्पित किया। सुगंधित इत्र अर्पित किया। श्री अनिल नारनोली ने चंदन वंदन करके श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पाठ वाचक को का पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री हनुमान जी महाराज की जय जयकारों के बीच पाठ वाचक श्री मनीष सारस्वत श्री ओम शर्मा व सहयोगी ने ढोलक गिटार झांझ कड़ताल के साथ श्री गणेश वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पाठकों ने मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों से सामूहिक रूप से पाठ करवाया।

